SANT KRIPAL SINGH
INSTITUTE OF LAW

# प्रेस विज्ञप्ति

रविवार 24 जून 2018 को संत कृपाल सिंह विधि महाविद्यालय द्वारा LL.B. के बाद करियर विकल्पों की जागरूकता फैलाने हेतु सेमिनार का आयोजन किया। समारोह को संबोधित करते हुए जामिया मिलिया विश्वविद्यालय से आए प्रोफ़ेसर (डॉ०) असद मलिक जी ने छात्रों को LL.B. के बाद करियर विकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि LL.B. के बाद न केवल छात्र कोर्ट में प्रैक्टिस कर सकते हैं अपितु मल्टीनैशनल कम्पनी, NGO, लीगल फ़र्म, इत्यादि में करियर बना सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय जनपद न्यायाधीश श्री चंद्रभान जी ने छात्रों को क़ानून की जानकारी का महत्व बताया तो वहीं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री अशोक त्रिपाठी 'जीतू' जी ने भी छात्रों को जीवन और क़ानून के बीच सम्बंध को समझाया। संघ के वरिष्ठ अधिवक्ता मिर्ज़ा यावर हुसैन, राकेश सिंहा जी, आनंद सिंहा जी एवं जागेश्वर यादव जी ने छात्रों को अपने अनुभव साझा किये एवं मार्गदर्शन किया। संवाद-सत्र के दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रोफ़ेसरो एवं ज़िला जज से करियर सम्बंधी प्रश्न पूछे।

छात्रों को संबोधित करते हुए विधि महाविद्यालय के प्राचार्य ने महाविद्यालय की विशेषताऐं बताते हुए कहा कि विद्यालय में अच्छी फ़ैकल्टी के साथ डिजिटल लाइब्रेरी भी उपलब्ध है। महाविद्यालय के सचिव श्री यश शिवहरे जी ने छात्रों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ विद्यालय के समस्त संसाधनो की जानकारी दी जो उनके करियर निर्माण के लिए सहायक है। कार्यक्रम के अंत में विधि महाविद्यालय ने संघ के प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं का सम्मान जनपद न्यायाधीश महोदय के हाथो कराया। कार्यक्रम का संचालन एड० रोहन सिंहा जी ने किया।